## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।
## ई–निविदा सूचना

नगर निगम, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु विभिन्न माप के पौलिक्रीट पी0एफ0आर0सी0 प्रिकाष्ठ स्लैब आपूर्ति हेतु ई–निविदा आंमन्त्रित की जाती है। ई–निविदा से सम्बन्धित विवरण www.uktenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है।

| सामग्री का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | डाउनलोड करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| विभिन्न माप के पौलिक्रीट पी0एफ0आर0सी0 प्रिकाष्ठ स्लैब। | रू0 2,000/– +18 % GST अतिरिक्त | 1,00,00,000/– | 2,00,000/– | 19.05.2023 से 08.06. 2023 तक। | 09.06.2023 प्रातः 11:00 बजे । |

नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून।

पत्रांक :–213/ST....../न0नि0दे0दून0/2023 ..... दिनांकः–17/05/2023

प्रतिलिपिः–

1. माननीय महापौर महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सम्पादक हिन्दुस्तान......देहरादून संस्करण कृपया निविदा को अपने अगले अंक में प्रकाशित कर बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां न्यूनतम जगह मे प्रकाशित करते हुए नियमानुसार छूट के साथ बिल भुगतान हेतु नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. सम्पादक पायनियर......देहरादून संस्करण कृपया निविदा को अपने अगले अंक में प्रकाशित कर बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां न्यूनतम जगह मे प्रकाशित करते हुए नियमानुसार छूट के साथ बिल भुगतान हेतु नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उपरोक्त कार्य की निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण वेबसाईड www.uktenders.gov.in में तत्काल अपलोड करें।
5. नोटिस बोर्ड नगर निगम कार्यालय पर चस्पा करने हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम, देहरादून।

Scanned with CamScanner

नगर नि देहरादून

G20

वर्ष–2023-24

# निविदा दस्तावेज

कार्य का नाम– नगर निगम, देहरादून में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये विभिन्न आकारों के पॉलीक्रीट (पी0एफ0आर0सी0) प्रीकाष्ठ स्लैब की आपूर्ति करने हेतु ई–निविदा।

# नगर निगम देहरादून।

ई–मेलआई0डी0–nagarnigam.ddn@gmail.com
बेबसाइट–www.nagarnigamdehradun.com

( महेश कुमार )
स्टोर / रिकार्ड कीपर
लेखा लिपिक
नगर निगम,देहरादून

( रजित ढौंडियाल )
सहायक अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

Scanned with CamScanner

# ई–निविदा दस्तावेज

## 1. ई–निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथि एवं समय :–

- ई–निविदा प्रकाशित करने की तिथि – दिनांक 18.05.2023।
- ई–निविदा अपलोड करने की तिथि – दिनांक 19.05.2023।
- प्री–बिड मीटिंग तिथि – दिनांक 26.05.2023।
- ई–निविदा डाउनलोड की तिथि – दिनांक 19.05.2023 से 08.06.2023 तक।
- ई–निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांक 08.06.2023, समय सायं 5.00 बजे तक।
- ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 09.06.2023, समय सायं 11.00 बजे।

## 2. कार्य का नाम :–

- नगर निगम, देहरादून में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये विभिन्न आकारों के पॉलीक्रीट (पी0एफ0आर0सी0) प्रीकाष्ठ स्लैब की आपूर्ति करने हेतु ई–निविदा।

## 3. निविदा हेतु पात्रता/ अर्हता :–

- निविदा के साथ अपना नाम व पता या व्यापार करने का स्थान, कार्यालय का टैलीफोन नंबर/मोबाईल नंबर, ई–मेल आई0डी0, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य।
- निविदा दाता को विभिन्न आकारों के पॉलीक्रीट (पी0एफ0आर0सी0) प्रीकाष्ठ स्लैब की आपूर्ति के अनुभव, विगत कार्य पूर्ति, परफारमेन्स से सम्बन्धित प्रमाण पत्र/प्रपत्र आदि निविदा के साथ प्रस्तुत करने अनिवार्य है।
- निविदादाता को अपने फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नम्बर सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- फर्म का चाटर्ड अकाउटेंट से प्रमाणित विगत तीन वर्षो (2019–20, 2020–21, 2021–22) का टर्न ओवर, जिसमे प्रत्येक वर्ष का टर्नओवर कम से कम रू0 1,00,00,000/– (एक करोड़ रूपये) हो, उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- फर्म का विगत तीन कर निर्धारण वर्षो (2019–20, 2020–21, 2021–22) का आयकर रिटर्न का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
- निविदादाता द्वारा देशभर में किसी भी सरकारी विभाग/प्राधिकरण /नगर निकाय में ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ पत्र रू0 100/– के नॉन जूडिशियल स्टाप पेपर पर देना अनिवार्य होगा।
- धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ पत्र की मूल प्रति निविदा डालने की अन्तिम तिथि पूर्व नगर निगम देहरादून के स्टोर (सामान्य) में उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- ट्रेडमार्क पॉलीक्रीट (पी0एफ0आर0सी0) प्रीकाष्ठ स्लैब निर्माण/अधीकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- तीव्र आपूर्ति हेतु जिम्मेदार व्यक्ति से संपर्क करने हेतु उसका मोबाईल नम्बर उपलब्ध करना अनिवार्य है।

## 4. ई–निविदा शुल्क :–

- निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु सर्वप्रथम निविदा शुल्क रूपये 2,000/– (+ जी0एस0टी0 18% अतिरिक्त) कुल रूपये 2,360/– (दो हजार तीन सौ साठ रूपये) का डिमान्ड ड्राफ्ट के माध्यम से नगर निगम देहरादून के नाम जमा रसीद की मूल प्रति निविदा डालने की अन्तिम तिथि पूर्व नगर निगम देहरादून के स्टोर (सामान्य) में उपलब्ध कराना अनिवार्य है, निविदा शुल्क की मूल प्रति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा।
- निविदा शुल्क धनराशि को किसी भी दशा में वापस नही किया जायेगा।

(महेश कुमार)
स्टोर / रिकार्ड कीपर
लेखा लिपिक
नगर निगम,देहरादून

(रजित कोटियाल)
सहायक अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

Scanned with CamScanner

**5. धरोहर राशि :–**

- निविदा हेतु रू0 2,00,000/– (दो लाख रूपये) निविदा धरोहर धनराशि के रूप में एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी के माध्यम से वित्त नियंत्रक, नगर निगम, देहरादून के नाम बन्धक कराना होगा।
- धरोहर राशि/निविदा शुल्क सम्बन्धी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 की हार्ड कापी सील बन्द लिफाफे में स्टोर (सामान्य) अनुभाग में निविदा डालने की अन्तिम तिथि तक जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

**6. कार्यपूर्ति प्रतिभूति :–**

- सफल निविदादाता को रू 5,00,000 (पांच लाख रूपये) कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी, वित्त नियंत्रक, नगर निगम देहरादून के नाम जमा कराना अनिवार्य होगा। जो अनुबंध की समाप्ति तिथि के बाद कम से कम 06 माह तक वैध होनी आवश्यक है।
- सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा धरोहर वापस कर दी जायेगी।

**7. ई–निविदा विधि :–**

- ई–निविदा हेतु दो प्रस्ताव प्रणाली आमंत्रित की जा रही है,
- प्रस्ताव–एक (तकनीकी बिड) में निविदा से सम्बन्धित दस्तावेज/शपथ पत्र/धरोहर राशि/टेण्डर फीस एवं कार्य से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराये जायेंगे।
- प्रस्ताव–दो (वित्तीय बिड) में वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जो कि ई–निविदा पोर्टल पर बी0ओ0क्यू0 के अनुसार होगा।

**8. वित्तीय प्रस्ताव (वित्तीय बिड) :–**

- ई–निविदा प्रक्रिया में उक्त कार्य हेतु बी0ओ0क्यू0 के अनुसार दरें प्रस्तुत की जायेंगी। (संलग्न–बी0ओ0क्यू0) वित्तीय निविदा में समस्त सामग्रीयों की दरें समस्त कर एवं भाडे सहित अंकित करना अनिवार्य है।
- समस्त सामग्रीयों की दरें अंकित किया जाना अनिवार्य है।
- न्यूनतम दरों के आधार पर निविदादाता फर्म का चयन किया जायेगा।
- उक्त कार्य न्यूनतम दर प्रस्ताव (L-1) करने वाले निविदादाता को दिया जायेगा। अगर (L-1) निविदादाता समय पर आपूर्ति नही करता है या सामग्री की मात्रा ज्यादा होने के दशा में, (L-2) निविदादाता को उक्त आपूर्ति (L-1) के दरों पर करने का अवसर प्रदान करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के पास रक्षित होगा।
- तकनीकी बिड में सफल निविदा प्रस्तुतकर्ताओं की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

**9. भुगतान प्रक्रिया :–**

- कार्य के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
- कार्य के उपरान्त बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
- निगम द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्री का निरीक्षण करने के उपरान्त संतोषजनक पाए जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।
- नगर निगम स्तर पर अपरिहार्य कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर निविदादाता द्वारा आपूर्ति नहीं रोकी जायेगी।

**10. विवाद की स्थिति होने पर :–**

- फर्म तथा नगर निगम के मध्य कोई विवाद होने पर उसका निपटारा नगर निगम स्तर पर किया जायेगा।
- किसी भी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।

**11. निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति :–**

- किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाये।

| | | |
|---|---|---|
| (महेश कुमार)<br>स्टोर/रिकार्ड कीपर<br>लेखा लिपिक<br>नगर निगम, देहरादून | (रजित मोटिद्याल)<br>सहायक अभियन्ता<br>नगर निगम, देहरादून | अधिशासी अभियन्ता<br>नगर निगम, देहरादून |

Scanned with CamScanner

**12. आपूर्ति आदेश :–**

- समस्त सामग्री उच्च गुणवत्ता एवं बी0आई0एस0 मानकों के अनुरूप होनी चाहिये, संलग्न– बी0ओ0क्यू0 में सम्मलित सामग्री की गुणवत्ता/मानक/माप हेतु समस्त सामग्री के सैम्पल नगर निगम के स्टोर (सामान्य) में उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- पॉलीक्रीट (पी0एफ0आर0सी0) प्रीकाष्ठ स्लैब की गुणवत्ता/मानक/माप से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने हेतु सैम्पल नगर निगम के स्टोर (सामान्य) में उपलब्ध है जिसे निविदा डालने की अन्तिम तिथि से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर देख सकते है।
- अगर पॉलीक्रीट (पी0एफ0आर0सी0) प्रीकाष्ठ स्लैब की कंप्रेसिव स्ट्रैन्थ की जांच की जाती है, तो जांच में होने वाले समस्त व्यय का भुगतान निविदादाता/आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जायेगा। जाँच पश्चात सफल निविदादाता की वित्तीय बिड खोली जायेगी।
- (L-1) निविदादाता द्वारा कार्य को अन्य किसी फर्म को हस्तांतरित नही किया जायेगा।
- अनुमानित मात्रा घट–बढ़ सकती है, आवश्यकतानुसार ही समय–समय पर पॉलीक्रीट (पी0एफ0आर0सी0) प्रीकाष्ठ स्लैब की आपूर्ति हेतु ऑडर दिया जायेगा। पॉलीक्रीट (पी0एफ0आर0सी0) प्रीकाष्ठ स्लैब की आपूर्ति नगर निगम कार्यालय में एफ0ओ0आर0 करानी होगी।
- यदि सफल निविदादाता फर्म द्वारा अनुबंध/आपूर्ति आदेश के बाद निर्धारित समय में आपूर्ति नहीं की जाती है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबंध एवं निविदा को निरस्त किये जाने कि कार्यवाही की जायेगी साथ ही फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**13. विलम्ब से प्राप्त निविदा :–**

- विलम्ब से प्राप्त (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद) निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

**14. ई–निविदा का प्रकाशन :–**

- ई–निविदा विवरण उत्तराखण्ड ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर प्रकाशित किया जायेगा, इसके साथ नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा।
- ई–निविदा प्रक्रिया में विस्तार एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन होने की दशा में ई–निविदा पोर्टल पर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जायेगा।

**15. निविदा की अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :–**

- स्टोर कीपर (सामान्य), नगर निगम, देहरादून।
- मोबाईल नम्बर – 8851430867

| | | |
|---|---|---|
| ( महेश कुमार )<br>स्टोर / रिकार्ड कीपर<br>लेखा लिपिक<br>नगर निगम,देहरादून | ( रजित कोटियाल )<br>सहायक अभियन्ता<br>नगर निगम, देहरादून | अधिशासी अभियन्ता<br>नगर निगम, देहरादून |

Scanned with CamScanner